प्रभात खबर

# Bokaro News : मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 125 पेटी शराब जब्त




कसमार, कसमार थाना क्षेत्र के दांतू में एनएच किनारे स्थित हंगरी होटल के भीतर चल रही मिनी शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है. मंगलवार को उत्पाद विभाग बोकारो और कसमार पुलिस की संयुक्त छापेमारी में यहां से भारी मात्रा में अवैध शराब और शराब निर्माण की सामग्री बरामद की गयी. छापेमारी में लगभग 125 पेटी तैयार शराब, 16 गैलन स्प्रिट, हजारों खाली बोतलें, रैपर और ढक्कन समेत शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए गए. कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो और उत्पाद विभाग के निरीक्षक विजय कुमार पाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दांतू स्थित हंगरी फैमिली होटल के निचले तल में बड़े पैमाने पर अवैध शराब निर्माण का धंधा चल रहा है. सूचना की पुष्टि के बाद छापेमारी की गयी. पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि जब्त की गयी शराब और सामग्री कुंडौरी निवासी विनोद साव और भोला साव की है. करीब एक माह पूर्व भी दांतू के एक आवास से इन्हीं दोनों के नाम पर अवैध शराब बरामद की गयी थी. उस कार्रवाई के बाद दोनों ने ठिकाना बदलकर एनएच किनारे खेतको के कपिल नायक के मकान के निचले तल में यह धंधा शुरू कर दिया था.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/bokaro/bokaro-news-mini-liquor-factory-busted-125